संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 48 | मेरठ, मंगलवार, 17 मार्च 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

# भाजपा में जिला कमेटियों के गठन में फंसा पेंच

## महिलाओं को खोजने में नेताओं को छूट रहा पसीना

» लखनऊ। एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार संगठन में एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए हैं। 21 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी में सात पद महिलाओं को दिए जाने हैं। एक ओर आधी आबादी को जोड़ने के लिए इसे पार्टी का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है तो दूसरी तरफ इस आरक्षण ने पेंच भी फंसा दिया है। चुनावी साल में सात ऐसे सक्रिय चेहरे खोजना मुश्किल हो रहा है। खासतौर से ग्रामीण इलाकों में ऐसी महिलाएं खोजने में जिला संगठन और पर्यवेक्षकों के पसीने छूट रहे हैं। वहीं नये नियम ने सक्रिय पुरुष कार्यकर्ताओं की भी बेचैनी बढ़ा दी है।

मोदी सरकार ने वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया था। इसके जरिए महिलाओं के लिए सदन में 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जानी हैं। सदन से पहले भाजपा ने अपने संगठन से इसकी शुरुआत कर दी है। प्रदेश में इन दिनों 94 संगठनात्मक जिलों के गठन की प्रक्रिया चल रही है। सभी जिलों में आपसी समन्वय से टीमें तय करने के लिए पर्यवेक्षक भेजे गए थे।

इन पर्यवेक्षकों को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी के हस्ताक्षर वाली एक चेक लिस्ट दी गई थी। क्या मानक हैं। किनसे रायशुमारी करनी है। किस आयु वर्ग तक के लोगों का चयन करना है, किन बातों का ध्यान रखना है आदि बातें उसमें थीं। सबसे महत्वपूर्ण बिंदु था, सात पद महिलाओं को दिए जाने का। पार्टी सूत्रों की मानें तो कई महानगरों में तो ऐसी सक्रिय महिलाओं के नाम मिल भी गए हैं, लेकिन ऐसे जिलों की संख्या कम है। ज्यादातर जनप्रतिनिधियों ने भी रायशुमारी में पुरुष कार्यकर्ताओं के नाम ही अधिक सुझाए हैं। वहीं जिलाध्यक्षों के लिए भी यह आसान नहीं है। खासतौर से ग्रामीण जिलों में समस्या अधिक है। खबर है कि सात नामों की खोज में एड़ी-चोटी का जोर लगाने के बाद भी तमाम पर्यवेक्षकों को सफलता नहीं मिल सकी है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व तक भी जिलाध्यक्षों व पर्यवेक्षकों ने यह समस्या पहुंचाई है। यह तय है कि पार्टी जिला इकाइयों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने जा रही है। मगर जहां ज्यादा दिक्कत है, ऐसे जिलों में आरक्षण के मानकों में कुछ ढील दी जा सकती है।

संगठन के भीतर इस नए बदलाव ने उन पुरुष कार्यकर्ताओं के बीच भी असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है, जो लंबे समय से जिला कमेटियों में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। एक-तिहाई पद आरक्षित होने के कारण कई वरिष्ठ और सक्रिय पुरुषों को इस बार सूची से बाहर होना पड़ सकता है।

जिलाध्यक्षों का कहना है कि पार्टी की मंशा तो अच्छी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां राजनीति अब भी पुरुष प्रधान बनी हुई है, वहां अचानक सात प्रभावशाली महिला चेहरों को ढूंढना और उन्हें जिम्मेदारी के लिए तैयार करना एक बड़ी संगठनात्मक चुनौती है। यही कारण है कि कई पर्यवेक्षकों ने प्रदेश नेतृत्व से इस मानक में आंशिक ढील देने या सूची फाइनल करने के लिए अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया है।

# देश में संकट होता है तो ऐसे समय में भी कांग्रेस राजनीति करती है



» एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब देश में संकट होता है ऐसे समय में कांग्रेस राजनीति करती है। इसके साथ ही उन्होंने एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर कहा कि कांग्रेस के एक नेता एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए पाए गए हैं। जेपी नड्डा ने सोमवार को यह जानकारी राज्य सभा में रखी। साथ ही, उन्होंने सदन को यह भी बताया कि एलपीजी की यह मौजूदा स्थिति भारत के कारण उपजी नहीं है न ही भारत का इस स्थिति में कोई योगदान है। नड्डा सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए वक्तव्य का जवाब दे रहे थे। दरअसल इससे पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में एलपीजी की कमी का विषय उठाया था।

इसके जवाब में राज्यसभा में नेता जेपी नड्डा ने कहा, "मुझे दुख है कि हमारे यहां विपक्ष, विशेषकर इंडियन नेशनल कांग्रेस, विपत्ति के समय में भी देश में राजनीति करने से पीछे नहीं हटती।" जेपी नड्डा ने सदन को बताया कि देश में एलपीजी गैस का यह संकट भारत के कारण नहीं आया है और इसमें भारत का कोई योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हुआ है। हम सब जानते हैं कि इन्हीं अंतरराष्ट्रीय हालातों के चलते यह संकट पैदा हुआ है।

नड्डा ने कहा कि इस संकट के बारे में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पहले ही विस्तार से सदन में जानकारी दे चुके हैं। लेकिन जब वे बोल रहे थे, तब ये लोग सुनने के लिए तैयार नहीं थे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि इसके अलावा, कांग्रेस का एक नेता एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए पकड़ा गया है।

उन्होंने सिलेंडरों की होर्डिंग करके जनता को उकसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ये लोग देश के शांतिप्रिय लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में भी राजनीति करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# जनता को पीएम मोदी और एनडीए पर विश्वास, हर जगह लहराएगा भाजपा का परचम: कंगना रनौत

» एजेंसी। नई दिल्ली

एनडीए के सांसदों ने असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि कौन सी सरकार इनका विकास कर सकती है, इसीलिए एनडीए को जिताएगी। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद कहा, "हम निश्चित रूप से जीतेंगे। सारे कार्यकर्ता इस काम में जुट गए हैं और हर जगह हम भाजपा का परचम लहराएंगे।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है और जनता को भरोसा रखना चाहिए। महंगाई और एलपीजी संकट से संबंधित अफवाहों को गलत बताते हुए जनता से प्रधानमंत्री पर विश्वास रखने की अपील की। कंगना ने कहा कि जनता विपक्ष के बहकावे में नहीं आने वाली है। जनता को एनडीए की सरकार और प्रधानमंत्री पर विश्वास है। विपक्ष को जनता के हित में सोचना चाहिए। एलपीजी आपूर्ति को लेकर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि सरकार इस समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक उपाय तलाश रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आलोचना करने के बजाय जनता के खाने-पीने के मामलों में सहयोग देना चाहिए। सुरेश गोपी ने पश्चिम एशिया के मुद्दे के कारण उत्पन्न कठिनाई का हवाला देते हुए जनता से संयम और अच्छे नतीजों की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया।

# स्कूल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों को गम्भीरता से पूरा करें

» एजेंसी। लखनऊ


बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्कूल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों को गम्भीरता से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को प्रदेश के सभी मुख्य विकास अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बेसिक शिक्षा की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कर उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के लिए स्कूल चलो अभियान का शासनादेश जारी हो चुका है। लिहाजा प्रत्येक बच्चे को आंगनबाड़ी, बाल वाटिका, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में उसकी आयु के अनुरूप नामांकित किया जाए।

# चुनावी तारीखें और चरण भाजपा की सहूलियत के हिसाब से बनते हैं : प्रियंका

» एजेंसी। नई दिल्ली

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्ष के सांसद चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर तारीखों के ऐलान का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि चुनावी तारीखें और चरण भाजपा की सहूलियत के हिसाब से बनते हैं। चुनाव आयोग की घोषणा निष्पक्ष नहीं है और इसमें सत्तारूढ़ दल की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि केरल का चुनाव उनके लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होंने बताया कि पिछली बार



सीपीएम नेतृत्व वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सत्ता में लौटी थी, जबकि पिछले कई दशकों में सत्ता बारी-बारी से दो प्रमुख फ्रंट के बीच रही है। थरूर ने कहा कि कांग्रेस इस बार सरकार बदलने की पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने उम्मीदवारों की घोषणा जल्द होने और अंतिम दो हफ्तों में प्रचार के लिए अपनी उपस्थिति कम होने की संभावना जताई। कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार ने राज्य का कुप्रबंधन किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। कांग्रेस संगठनात्मक रूप से इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि अधिकारी अक्सर राज्य सरकारों से जुड़े होते हैं, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर असर पड़ता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के लिए सुविधाजनक निर्णय करता है। सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने कहा कि यदि चुनाव निष्पक्ष होंगे तो हमारा अच्छा प्रदर्शन रहेगा। आयोग को निष्पक्ष चुनाव कराना चाहिए, अभी तक यह देखने को नहीं मिलता है, शायद अब दिखाई दे।

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने आम जनता की मुश्किलों की ओर ध्यान खींचते हुए कहा कि पहले नोटबंदी, फिर कोविड-19 और ऑक्सीजन की कमी के बाद अब गैस सिलेंडर की किल्लत लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। वहीं, सपा सांसद राजीव राय ने लोकसभा अध्यक्ष के पत्र पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि स्पीकर के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करनी चाहिए।

## सम्पादकीय

### जन्मदात्री की रक्षा

हालांकि, पंजाब में पिछले दिनों सामने आए मातृ स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े कुछ हद तक उम्मीद जरूर जगाते हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। राज्य में बच्चे को जन्म देने के दौरान मातृ मृत्यु दर में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। जो निश्चित रूप से गर्भावस्था और प्रसव के दौरान माताओं की सेहत की सुरक्षा करने में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की क्षमता में क्रमबद्ध सुधार का ही संकेत देती है। लेकिन, इस मामूली गिरावट के बावजूद एक गंभीर चिंता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि प्रगति अभी भी धीमी व असमान गति वाली है। दरअसल, मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर होने वाली मौतों के रूप में मापी जाती है। जिसे व्यापक अर्थों में किसी भी समाज की स्वास्थ्य सेवा की क्षमता तथा समाज में लैंगिक समानता का एक महत्वपूर्ण सूचक भी माना जाता है। इस तरह मातृ मृत्यु दर में आई मामूली गिरावट भी प्रसव पूर्व गर्भवती स्त्री की देखभाल, संस्थागत स्तर पर प्रसव कराने और आपातकालीन प्रसूति सेवाओं की स्थिति में सुधार को ही दर्शाती है। इसके बावजूद अभी पंजाब में मातृ स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार की काफी गुंजाइश है। विशेष रूप से तब जब कि कई जिलों में मातृ मृत्यु दर अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां जरूरी हो जाता है कि पंजाब के पड़ोसी राज्य हरियाणा में मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया जाए। हालांकि, पहले इस दिशा में आशातीत प्रगति दर्ज की गई थी। लेकिन अब हरियाणा की मातृ मृत्यु दर यानी एमएमआर के नवीनतम मूल्यांकन चक्र में स्थिति लगभग अपरिवर्तित ही नजर आती है। निश्चित तौर पर आंकड़ों में देखी जा रही यह स्थिरता सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में एक आम चुनौती को ही उजागर करती है। निर्विवाद रूप से प्रारंभिक स्तर पर किए गए सुधार अक्सर त्वरित लाभ देते हैं, लेकिन जरूरी है कि इस दिशा में प्रगति को अनवरत बनाया रखा जाए। निस्संदेह, इस प्रगति के लिये निरंतर गहन संरचनात्मक परिवर्तनों की जरूरत होती है। वास्तव में मातृ स्वास्थ्य रक्षा के लिये कई मोर्चों पर एक साथ काम करने की आवश्यकता होती है। ऐसे में केवल अस्पतालों और योजनाओं में निवेश करना ही पर्याप्त नहीं होता है। बल्कि गर्भावस्था के दौरान गुणवत्तापूर्ण देखभाल, समय रहते रेफरल और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की निरंतर निगरानी करना भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है। दरअसल, पंजाब में स्वास्थ्य संबंधी ऑडिट से पहले ही प्रणालीगत खामियों की ओर संकेत मिला है। जैसा कि निदान में देरी, प्रसवोत्तर रक्तस्राव जैसी जटिलताओं का खराब प्रबंधन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच कमजोर समन्वय का होना भी है।

# सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

» संवाददाता



बिजनौर। डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम कौर द्वारा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक और ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डी और सी रैंक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दें। उन्होंने बी रैंक प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जाता है तो उनको भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड सीधे योजनाओं की निगरानी का डिजिटल टूल है। डैशबोर्ड पर हर जिले की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं, जिससे रैंकिंग तय होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए, सभी अधिकारी रैंकिंग बढ़ाने का प्रयास जारी रखें तथा इस अहम कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई कदापि न बरतें। उन्होंने विकास कार्यों में प्रगति लाने व शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक एवं न्यूनतम स्तर पर लाने के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड और आईजीआईएस की समीक्षा बैठक प्रति माह दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण गंभीर एवं सजग रहे और किसी भी स्तर पर कार्य की प्रकृति को प्रभावित न होने दें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति बनाए रखें तथा कम प्रगति वाले विभाग निर्धारित बिंदुओं पर फोकस कर विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाकर रैंकिंग को मानक के अनुरूप लाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कृषि सम्मान निधि, शहरी विधुत सप्लाई, पीएम एवं सीएम आवास योजना, पंचायत राज, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की रैंकिंग कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की पुरी गंभीरता और तेजी के साथ विभागीय कार्यों में प्रगति लाते हुए रैंकिंग बढ़ाएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा सीएमआईएस, विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यों की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

# सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को किया सचेत



» संवाददाता

बागपत। नोडल अधिकारी आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, राजस्व कार्यो और सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव ने फरवरी माह में कम रैंकिंग वाले विभागों की समीक्षा कर कार्यशैली में सुधार लाने और सुधार पर होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में पीएम सूर्यघर मुत बिजली योजना की समीक्षा में मार्च 2026 तक 1880 लक्ष्यों में केवल 1123 लाभार्थियों को योजना के अनुदान का लाभ पहुंचाने पर चिंता जताई। उन्होंने बैंक लोन स्वीकृति में आई शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का प्रचार प्रसार को लेकर उपयुक्त उद्योग से नाराजगी व्यक्त कर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उद्यान विभाग को ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो ड्रिगेशन योजना के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने दिए। महिला बाल विकास विभाग को पोषण ट्रैक्टर के माध्यम में खराब श्रेणी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार करने के निर्देश दिए। निर्माण विभाग को निर्माण कार्य की गुणवत्ता के लिए मॉनिटिरिंग करने और टूटी सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग उ श्रेणी से ए श्रेणी में पहुंचने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार की सराहना की। प्रमुख सचिव ने जिले की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा कर लाभार्थियों तक सभी सुविधा समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

## तेज रफ्तार कार ने परीक्षा देकर आ रहे छात्रों को मारी टक्कर

» संवाददाता

मोदीनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर साईं मंदिर के सामने तेज रफ्तार कार दो छात्रों को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दो छात्र घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार को इंटर का छात्र चला रहा था और वह भी परीक्षा देकर आ रहा था। नगर की देवेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी देवांश सोमवार दोपहर एक बजे अपने साथी के साथ इंटर की परीक्षा देकर घर जा रहा था। गोविंदपुरी कॉलोनी स्थित साईं मंदिर के सामने जब वह पैदल पहुंचे तो मेरठ की ओर आ रही कार ने छात्रों को टक्कर मार दी। कार टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरों ने देवांश और उसके साथी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। एसीपी ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## यूजीसी के विरोध में स्वर्णों ने थाना अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

» संवाददाता

नूरपुर। स्वर्ण समाज ने यूजीसी के विरोध में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम संबोधित थानाध्यक्ष को सौंपा। इसमें सरकार पर अपने व्यक्तिगत हितों को साधने के लिए यूजीसी बिल के माध्यम से स्वर्ण समाज के छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है। इस बिल में एससी/एसटी के अतिरिक्त ओबीसी को भी शामिल किया गया है। इस बिल से निर्दोष स्वर्ण बच्चों को फंसाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ होना तय है झूठी शिकायत करने वाले के विरूद्ध कोई कार्रवाई न करने का प्रावधान है। यह एक प्रकार से स्वर्ण समाज के विरूद्ध काला कानून है।

## दीवार बनाने के विवाद में लाठी-डंडे चले

» संवाददाता

मोदीनगर। दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस संघर्ष में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा पतला निवासी सुभाष और सुनील का मकान आसपास है। सुभाष अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। सड़क की ओर बनने वाली दीवार का सुनील विरोध कर रहा है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच सोमवार को विवाद हो गया। मामले में किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी।

## फिट इंडिया मूवमेंट थीम पर आयोजित

धामपुर। आरएसएम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस पर ग्राम सरकंडा में फिट इंडिया मूवमेंट थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने तथा नियमित व्यायाम और खेलकूद को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकता महिलाओं की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

» संवाददाता

बिजनौर। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ के बैनर तले सैकड़ो स्वास्थ कार्यकर्ता महिला स्वास्थ्य कार्यकता महिलाओं की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता पेय ग्रेड 2800 के एरियर से भुगतान करने की मांग की। समस्याओं को लेकर डीएम को स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में -स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला का पेय ग्रेड 2800 के एरियर का भुगतान अति शीघ्र कराया जाये। संविदा कर्मचारियों का एरियर का पांच प्रतिशत भुगतान अति शीघ्र कराया जाये। स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला को निम्न वार्षिक पेय जैसे पीबीआई, बोनस, एचआरपीडीए का समय से भुगतान किया जाये। सास-बहू सम्मलेन का पिछले तीन वर्षों का भुगतान किया जाये। प्रत्येक पीएचसी का वैक्सीन कैरियर टीकाकरण स्थल पर उपलब्ध कराया जाये तथा रिक्त उप केन्द्रों पर कराये जा रहे टीकाकरण के लिए आने जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाये। ब्लॉक स्तर से लॉजिस्टिक न मिलने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला को दण्डित न किया जाये। रिक्त उपकेन्द्र में आरसीएच रजिस्टर की जिम्मेदारी आशा व संगिनि को दी जाये। स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला व अन्य कर्मचारी की जीपीएफ और सर्विस पासबुक छः माह में एक बार पूर्ण करके आवश्यक दिखाई जाये। प्रत्येक पीएचसी पर साप्ताहिक मीटिंग के बाबू की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाये जो कि बार-बार अनुरोध करने पर भी नही होता है। नूरपुर पीएचसी पर पोलियो का भुगतान नही हुआ है। वह अतिशीघ्र कराया जाये। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला का ही कार्य लिया जाये। मांगे एक सप्ताह के अन्दर पूरी न होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। इसकी समस्त जिम्मेदारी विभागीय अधिकारी की होगी। इस मौके पर अध्यक्ष रूपधारा, सुनीता देवी, नूतन भारती, सविता रानी, सुनीता सिंह, बबीता भारती, सीमा रानी, आराधना चौहान, अनीता देवी, पूजा राजपूत, विनीता देती आदि मौजूद रहे।

# भाकियू (अनाज) ने कलेक्ट्रेट में एसपी को घेरा

» संवाददाता

बागपत। भाकियू (अनाज) के पदाधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने नैथला गांव में चल रहे खनन में पट्टा धारक द्वारा निमयों को ताक पर खनन करने का आरोप लगाते हुए एसपी और एएसपी का घेराव किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट प्रभारी को डीएम के नाम दिए ज्ञापन में नियमों के विरूद्घ खनन करने पर पट्टा धारक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी दी। उनका कहना था कि नैथला गांव में पट्टा धारक नियमों का उल्लंघन कर बालू का खनन कर रहा है। अनुबंध के अनुसार नदी तक में खनन पर पाबंदी है। जबकि पट्टा धारक इसका खुला उल्लंघन कर रहा है। नदी का धार के साथ छेडछाड़ करना, धारा को बदलना, नदी के तल में खनन करना अनुबंध की शर्तो, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व एनजीटी के नियमों के विरूद्घ है। हाईकोर्ट ने रात्रि में खनन करने के साथ ही पोकलेन और जेसीबी से खनन पर रोक लगाई है, इसके बावजूद पट्टा धारक रात में बड़ी-बड़ी मशीनों से नदी तल में खनन कर राजस्व की चोरी व ओवरलोडिंग की जा रही है। पट्टा धारक प्रशासन से मिली भगत कर गांव के कई किसानों और ग्रामीणों को भयभीत करने के लिए झूठे मुकदमें दर्ज करा चुका है। ग्रामीण अवैध खनन के विरोध में शिकायत कर रहे हैं मगर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने नियम विरूद्ध खनन करने पर पट्टा धारक और उससे मिले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी दी।

# मूलभूत सुविधा न मिलने मे वकील करेंगे विरोध

» संवाददाता





मेरठ। मेरठ बार एसोसिऐशन की आम सभा में नवनिर्मित्त कोर्ट परिसर में मूलभूत सुविधाएं न मिलने तक वकीलों ने विरोध करने का निर्णय लिया है। वकीलों ने आज भी नो वर्क किया। सोमवार सुबह 10:30 पर पं0 नानकचन्द सभागार में विशेष सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिऐशन के अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा एव संचालन महामंत्री परवेज आलम ने किया। आम सभा में मवाना में बने नवनिर्मित कोर्ट परिसर का उदघाटन मेरठ बार एसोसिऐशन को संज्ञान में न लेकर कार्यक्रम तय किये जाने एवं अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के उपयुक्त की सुविधा उपलब्ध न होने पर विचार किया गया।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया मवाना में कोर्ट परिसर का उदघाटन जब तक न किया जाये जब तक वहां अधिवक्ताओं के चैम्बर पर्याप्त मात्रा में नही बनाये जाते एवं वादकारी, स्टाम्प वैंडर एवं टाईपिस्ट आदि की मूलभूत सुविधायें उपलब्ध न हो। साथ ही मवाना में न्यायिक कार्य पूर्व की भांति ही चलता रहे। अभी मेरठ से कोई अतिरिक्त थाना, सिविल जज सी0डि0 व सत्र न्यायालय का क्षेत्राधिकारी स्थानान्तरित न किया जाये एवं न्यायिक कार्य का क्षेत्राधिकार तक कोई भी फैसला मेरठ बार एसोसिऐशन को विश्वास में लिये बिना न किया जाये। साथ ही सरधना के अंतर्गत न्यायालय परिसर के लिए भूमि देखना से सम्बन्धित कार्य भी मेरठ बार के विश्वास में लेकर किया जाये।

बैठक में कहा गया कि मवाना स्थित नये कोर्ट की जमीन क्रय करना एवं उस पर भवन बनाने एवं कोर्ट से सम्बंधित सामान खरीदने में अनियमितता की जानकारी मिली है। इसमें एक जिम्मेदार की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए उनकी जांच उच्च न्यायालय की हाई पावर कमेटी अथवा सीबीआई से कराई जाये और आरोपित को तत्काल मेरठ से स्थानान्तरण कराया जाये।

इस पर जांच के लिए मेरठ बार एसोसिऐशन फैस्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया गया। जिसमें 8 सदस्य नियुक्त किये हैं जिसमें डा0 ओपी शर्मा, नेपाल सिंह सोम, ब्रजभूषण गर्ग, अब्दुल जब्बार खां, संजय शर्मा, जबर सिंह, सतीश कुमार राजवाल आदि को शामिल किया है।

इसी के साथ मवाना नवनिर्मित कोर्ट परिसर के आसपास भूमाफिया द्वारा न्यायालय के किसी कर्मचारी से साजकर अनाधिकृत दुकान बनायी गयी है जिसे लगभग 30-40 लाख रुपए में बेचा रहा है इस सम्बन्ध में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ को एक शिकायती पत्र दुकानें हटवाने हेतू भेजा जायेगा। सोमवार को एक अपर जिला जज द्वारा मेरठ बार एसोसिऐशन के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया जिसके लिए मंगलवार को एक दिन के लिए अपर जिला जज की कोर्ट का बहिष्कार अधिवक्ताओं द्वारा किया जायेगा और मेरठ बार एसोसिऐशन के किसी भी सदस्य द्वारा निर्णय की अवहेलना की जाती है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## टैबलेट व स्मार्टफोन योजना का लाभ न मिलने पर छात्रों का गुस्सा फूट

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कई एडेड कॉलेजों में छात्रों को प्रदेश सरकार की टैबलेट व स्मार्टफोन योजना का लाभ न मिलने पर सोमवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। एक छात्र नेता के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यालय पर पहुंचकर हंगामा किया और संबंधित कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

छात्रों का आरोप है कि मेरठ जिले के कई एडेड कॉलेजों ने पिछले तीन वर्षों से छात्रों का डाटा शासन को नहीं भेजा, जिसके कारण हजारों छात्र-छात्राएं सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। छात्रों का कहना है कि योजना का उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना है, लेकिन कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और ढुलमुल रवैये के कारण गरीब और जरूरतमंद छात्रों को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है।

छात्र नेता ने कहा कि बड़ी संख्या में छात्र ऐसे परिवारों से आते हैं जिनके पास पढ़ाई के लिए जरूरी डिजिटल संसाधन नहीं हैं। ऐसे में कॉलेजों द्वारा डाटा समय पर न भेजने से छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि ऐसे सभी कॉलेजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द छात्रों को स्मार्टफोन व टैबलेट उपलब्ध कराए जाएं। इस दौरान छात्रों ने बीएससी फाइनल ईयर की परीक्षा एक ही दिन में तीन पेपर रखे जाने का भी विरोध किया और परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग की। साथ ही 90 दिनों की कक्षाएं पूरी होने से पहले सम सेमेस्टर की परीक्षा कराने के प्रस्ताव पर भी नाराजगी जताई। इस मौके कई छात्र मौजूद रहे।

## विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मा. काशीराम शोध पीठ सेमिनार हॉल में सोमवार को विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मेरा भारत मेरठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त प्रयास से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक अमित अग्रवाल रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल यादव ने कहा कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम में डॉ. डीके चौहान, यशवंत यादव, नरेंद्र त्यागी तथा संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। युवा संसद में प्रतिभाग करने के लिए माय भारत पोर्टल के माध्यम से कुल 123 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था और सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया, जिन्हें प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. अंजली शर्मा, डॉ. सत्येंद्र सिंह, डॉ. वंदना, डॉ. रानू अग्रवाल और डॉ. सीपी सिंह शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

## कंधा टकराने पर कुश्ती के खिलाड़ी को लाठी-डंडों से पीटा

» संवाददाता

मेरठ। मेरठ कॉलेज परिसर में सोमवार को कंधा टकराने पर कुछ युवकों ने कुश्ती के खिलाड़ी को लाठी-डंडों से पीट पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान उस पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी भी दी। पूरी घटना कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना के बाद घायल ने लालकुर्ती थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, बनौली गांव निवासी मुकुल धामा मेरठ कॉलेज में बीपीईएस प्रथम वर्ष का छात्र है और कुश्ती का राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी भी है।

सोमवार को मुकुल फाइल चेक कराने के लिए कॉलेज पहुंचा था। इसी दौरान कॉलेज की गैलरी में बीए एलएलबी के छात्र नमन कुमार से कंधा टकरा गया। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर नमन ने मुकुल के साथ मारपीट शुरू कर दी और तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी छात्र ने अपने साथियों को फोन कर कॉलेज बुला लिया। कुछ ही देर में कई युवक लाठी-डंडों और तमंचे के साथ कॉलेज परिसर में पहुंच गए।

## रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह के संरक्षण में त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का संचालन स्काउट-गाइड प्रशिक्षक सोनू कुमार तथा रेंजर प्रभारी डॉ. अनुजा गर्ग के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद रेंजर्स छात्राओं ने प्रार्थना गीत और झंडा गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बनाया। डॉ. भारती दीक्षित, डॉ. सत्यपाल राणा, डॉ. गीता चौधरी, डॉ. लोकेश लोधी और डॉ. गजेन्द्र सिंह सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## किसानों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

» संवाददाता

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मशरूम बीज, खाद्य एवं औषधीय मशरूम उत्पादन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। विवि के कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह ने कहा कि मशरूम उत्पादन एक लाभकारी एवं पोषणयुक्त व्यवसाय है, जिसे कम स्थान और सीमित संसाधनों में भी आसानी से शुरू किया जा सकता है। खाद्य एवं औषधीय मशरूम स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। भविष्य में इसकी मांग और अधिक बढ़ने की संभावना है। उन्होंने किसानों को मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के मशरूम के उत्पादन, बीज तैयार करने तथा प्रसंस्करण से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विवि के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त के निर्देशन में 20 मार्च तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा। कार्यक्रम में अधिष्ठाता स्नातकोत्तर एवं कार्यक्रम संचालक डॉ. गोपाल सिंह, संयुक्त निदेशक बीईडीएफ डॉ. रितेश शर्मा, पादप रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत मिश्रा तथा डॉ. रमेश सिंह उपस्थित रहे।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण के विरोध में दिया धरना

» संवाददाता




मेरठ। सोमवार को मेन पावर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत राजकीय हाईस्कूल एवं राजकीय इंटर कॉलेजों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणोत्तर एसोसिएशन के नेतृत्व में मेरठ मंडल आयुक्त कार्यालय के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने समय से वेतन भुगतान, सेवा सुरक्षा तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान सहित बारह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष भूपेश राणा ने किया।

इस अवसर पर कर्मचारियों ने बताया कि 31 मार्च 2026 को उनकी सेवा समाप्त होने की स्थिति बन रही है, जिससे अनेक परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से विद्यालयों में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो उचित वेतन मिल रहा है और न ही समय पर भुगतान किया जा रहा है। कई-कई महीनों तक वेतन लंबित रहने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि आउटसोर्सिंग के नाम पर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मात्र 8314 रुपये मासिक वेतन पर कार्य कराया जा रहा है और कई बार चार-चार महीने तक वेतन भी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी मांग की कि 13 मार्च 2026 को जारी आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए तथा कर्मचारियों की सेवा समाप्त न की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि और व्यवस्था में सुधार के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं, इसलिए कर्मचारियों के हितों की अनदेखी उचित नहीं है। धरना-प्रदर्शन के बाद मंडल आयुक्त के माध्यम से शासन को चार ज्ञापन सौंपे गए। इनमें आउटसोर्सिंग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बारह सूत्रीय मांगें, शिक्षणोत्तर कर्मचारियों से संबंधित सात प्रमुख मांगें, जनपद एवं मंडल स्तर पर लंबित समस्याओं के समाधान तथा कर्मचारियों की पदोन्नति और सेवा सुरक्षा से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

## गैस की किल्लत के विरोध में कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन

» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को समाजवादी पार्टी ने देश में रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों तथा गैस की किल्लत के विरोध में कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि आज महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त है और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने घर-घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। आज गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार रसोई गैस भरवाने के लिए भी मजबूर और परेशान हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है। रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और गैस की किल्लत ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है।



## धूमधाम से किया बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह

» एजेंसी। गुरुग्राम

स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से सामूहिक विवाह समारोह में 16 बेटियां स्वास्तिक परिवार का आशीर्वाद और दुआएं लेकर भावुकता भरे पलों में विदा हुईं। नशा मुक्त समाज बनाने, बेटी बचाने-बेटी पढ़ाने, बेटी शिक्षा को बढ़ावा देने की सीख स्वास्तिक फाउंडेशन परिवार की ओर से इन बेटियों को दी गई। भव्य आयोजन के बीच इनका विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने समारोह में पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। साध्वी आत्मा चेतना गिरी ने कार्यक्रम में शिरकत करके आशीर्वाद दिया। कथा वाचक मोहित व्यास भी समारोह में पहुंचे। सभी अतिथियों का मंच पर सम्मान किया गया। पिछले करीब तीन महीने से स्वास्तिक फाउंडेशन के पदाधिकारी, सदस्य इस सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों में जुटे थे। हर बार पहले से भव्य शादी करने की सोच के साथ इस बार और भव्यता समारोह में नजर आई। जब एक साथ 16 दूल्हों की बारात ओल्ड दिल्ली रोड से निकली तो हर कोई देखता रह गया।

## शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं

» एजेंसी। गुरुग्राम

लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुमित कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। सीईओ सुमित कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका जल्द समाधान करना है, ताकि लोगों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों पर जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई करते हुए समयसीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## 100 से अधिक विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

» एजेंसी। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम एवं सुशांत यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-55 स्थित स्मृति वाटिका में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधरोपण अभियान में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# गौंछी ड्रेन में केमिकल युक्त पानी डालने वाली कंपनियों पर होगी कार्रवाई : प्रवीन जोशी

### महापौर ने किया शहर के चौक-चौराहों व सडकों का निरीक्षण, अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई

» एजेंसी। फरीदाबाद



नगर निगम की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने एनआईटी, बडखल और एनआईटी जोन के एरिया में दौरा किया। उन्होंने शहर के चौक-चौराहों और सडकों की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए स्वयं अधिकारियों के साथ फील्ड में निरीक्षण किया। महापौर ने सोमवार को सख्त रुख अपनाते हुए खुले में सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के बिल्डिंग मैटेरियल रखने वालों पर कार्रवाई कराई।

निगम टीम द्वारा मौके पर ही ऐसे लोगों का सामान जब्त कराया गया तथा बिना अनुमति के चल रहे वॉशिंग स्टेशन भी बंद करवाए गए। आज सुबह महापौर नगर निगम के अधिकारियों के साथ बीके चौक से चिमनी बाई धर्मशाला होते हुए गोच्छी ड्रेन और सेक्टर-55 तक निरीक्षण पर रहीं। निरीक्षण के दौरान सडकों के किनारे विभिन्न स्थानों पर निगम द्वारा रखे गए सीवर के बड़े पाइप तथा सरकारी जमीन पर खुले में रखा बिल्डिंग मैटेरियल देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

महापौर के निर्देश पर करीब तीन बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारियों का सामान मौके से जब्त कराया गया। बताया गया कि इन पर पहले भी निगम द्वारा चालान किया जा चुका था, लेकिन संबंधित लोगों ने चालान की राशि जमा नहीं कराई थी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने गोच्छी ड्रेन के दोनों ओर बैरिकेटिंग कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। साथ ही ड्रेन में फैक्ट्रियों द्वारा डाले जा रहे गंदे केमिकलयुक्त पानी को लेकर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आसपास लगे हुए कमरों की मदद से एसी कंपनियों का रिकॉर्ड एकत्र कर यह पता लगाया जाए कि किस कंपनी द्वारा केमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा है और उनके खिलाफ चालान जारी किए जाएं। इसके अलावा ऐसे स्थानों पर निगरानी के लिए कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को शहर के सभी चौक-चौराहों और मुख्य सडकों पर बेहतर लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को पर्याप्त रोशनी मिल सके।

साथ ही नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सडकों पर जहां भी गड्ढे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरवाया जाए। महापौर ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। महापौर ने आज बीके चौक, हार्डवेयर चौक, सेक्टर 23, 23 ए, एवं सेक्टर 24 चौक, सेक्टर 55 कट, पीर बाबा सोहना बल्लभगढ़ टी पॉइंट से सेक्टर 52, पुलिया आदि एरिया का दौरा किया है।

# मानेसर की साइबर सेल पुलिस ने पांच लाख के गुम हुए मोबाइल ढूंढे

» एजेंसी। गुरुग्राम



मानेसर पुलिस जोन की साइबर सेल ने बीते माह पांच लाख रुपयों की कीमत के गुम हुए 28 मोबाइल फोन तलाश किए। सोमवार को पुलिस ने उन मोबाइल को ढूंढकर असल मालिकों को सौंपा दिया। गुरुग्राम पुलिस के चारों पुलिस जोनों (पूर्व, पश्चिम, दक्षिण व मानेसर) की साइबर सेल की पुलिस टीमों द्वारा लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन को सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल व तकनीकी सहायता से ढूंढा जाता है। सहायक-उप-निरीक्षक धीरज कुमार इंचार्ज साइबर सेल मानेसर की पुलिस टीम को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई मोबाइल फोन की गुमशुदा शिकायतों पर कार्रवाई की गई। बीते माह फरवरी-2026 के दौरान लोगों के गुम हुए 28 मोबाइल फोन को सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल व पुलिस तकनीकी की सहायता से ढूंढकर बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद किए गए इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए है।

पुलिस उपायुक्त मानेसर दीपक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन लोगों की एक अहम जरूरत बन गई है। स्मार्ट मोबाईल फोन के माध्यम से लोग अपने विभिन्न कार्य आसानी से कर लेते है। लोग फोन को माध्यम बनाकर अपना मनोरंजन भी करते है साथ ही अपने मोबाईल फोन मे ही अपने जरूरी दस्तावेज व जानकारी सुनिश्चित भी रखते है, इसलिए अपने मोबाइल फोन के साथ लोगों के सेंटीमेंट्स भी जुड़े होते है।

## में गैस सप्लाई ठप, उपभोक्ताओं में हाहाकार

» एजेंसी। पलवल

प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत और कालाबाजारी की खबरों के बीच पलवल में भी उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। शहर के रशूलपुर रोड स्थित एचपी कंपनी से संबद्ध ओम गैस एजेंसी पर पिछले छह दिनों से गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं आने के आरोप लगे हैं, जिससे हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने सोमवार को आरोप लगाया कि गैस रिफिल कराने के लिए एजेंसी पर पहुंचने पर उन्हें रोजाना आज नहीं, कल आना कहकर लौटा दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर बाजार में गैस सिलेंडर करीब 2500 रुपये तक ब्लैक में बिकने की चर्चा से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार रशूलपुर रोड स्थित इस गैस एजेंसी से करीब 12 हजार उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। गैस लेने पहुंचे कई लोगों का कहना है कि सामान्य दिनों में भी ऑनलाइन बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें एजेंसी के गोदाम से खुद ही सिलेंडर उठाकर ले जाना पड़ता है।

# पुराने सिक्कों व नोटों से किस्मत चमकाने का झांसा देकर की ठगी

» एजेंसी। गुरुग्राम

पुराने सिक्कों व नोटों से किस्मत चमकाने यानी लखपति बनाने की बातों से झांसे में लेकर ठगी कर ली गई। पुलिस थाना साइबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम द्वारा इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करके इस संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी ने पुराने सिक्कों व नोटों को 75 लाख रुपये में खरीदने का झांसा देकर इस ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपी के पास से एक मोबाइल व सिम कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 10 मार्च को एक महिला ने पुलिस थाना साइबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम में लिखित शिकायत दी। शिकायत में कहा कि उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (यूट्यूब/फेसबुक) पर पुराने सिक्के व स्पेशल नोट खरीदने संबंधी विज्ञापन देखे। उसने दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क किया। इस दौरान साइबर ठगों ने उनके पुराने सिक्कों/नोटों की कीमत 75 लाख रुपए बतायी। इसके बाद सिक्कों के बदले इसे मिलने वाले रुपयों पर जीएसटी, रजिस्ट्रेशन फीस और अन्य चार्ज के नाम पर विभिन्न माध्यम से विभिन्न खातों में लाखों रुपए ट्रांसफर करवाकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को तिजारा (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है। आरोपी पहचान समयदीन (उम्र-37 वर्ष, योग्यता-5वीं) निवासी तिजारा (राजस्थान) के रूप में हुई। आरोपी को 11 मार्च 2026 को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वह पुराने सिक्कों के बदले में अधिक दाम देने वाले गिरोह के साथ काम करता है। आरोपी ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म माध्यम से विज्ञापन डालते हैं।

## निशान यात्रा के साथ श्याम फाल्गुन महोत्सव शुरू

» एजेंसी। बल्लभगढ़

श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के सातवें फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार सुबह शहर में गाजे-बाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद पंजाबी धर्मशाला में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। महोत्सव श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया। जागरण का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन श्याम सुंदर गोयल, प्रधान बृजभूषण गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम श्री श्याम भक्त श्याम भैय्या के पावन सान्निध्य में शुरू हुआ, जबकि पावन ज्योत सेवा प्रमोद टिबडेवाल, अमित शर्मा की रही। जागरण में मंच संचालन वेद वशिष्ठ ने किया। इस दौरान भजन गायक नितिन श्याम दिवाना, सौरभ शर्मा, इंशिता शर्मा, श्रीराम दास और कोलकता के सौरभ शर्मा ने अपने मनमोहक भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

# महिला कलाकारों ने उकेरे प्रकृति, विश्व शांति और उत्साह के चित्र

» एजेंसी। गुरुग्राम

स्थित म्यूजियो कैमरा में महिला कलाकारों की पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में लोगों ने महिलाओं के नजरिये से प्रकृति की खूबसूरती, वैश्विक शांति और रंगों के माध्यम से उत्साह को देखा। देश के विभिन्न हिस्सों की महिलाओं को क्रेप डिम आर्ट कलेक्शन समूह ने एक सूत्र में जोड़कर यह प्रदर्शनी आयोजित की। कलाकारों ने पेंटिंग के विभिन्न माध्यमों का प्रयोग कर लोक कलाओं के साथ आधुनिक कला, अबस्ट्रेक्ट आर्ट, रंगों के अनोखे संयोजन से शांति, प्राकृतिक सौंदर्य, ध्यान, सुलेख कला, ऑयल, वाटर कलर, मिक्स्ड मीडिया के सुंदर प्रयोग किए। प्रदर्शनी का संयोजन करने वाली भावना रस्तोगी ने बताया कि इसमें कुछ महिला कलाकार अन्य प्रोफेशन में हैं, मगर कला में उनकी रूचि है। डॉ. लुबना पेशे से डॉक्टर हैं मगर वे देश के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन कर धार्मिक स्थलों के आर्ट बनाना पसंद करती हैं। अदिति बोस डिजाइनर हैं, कैनवास पर कपड़ों को जोड़कर अनोखे प्रयोग किए। प्रदर्शनी में प्रकृति पर आधारित पेंटिंग को खूब पसंद किया गया। अदिति बोस मलिक, भावना प्रसाद रस्तोगी, कपिला माथुर, लुबना साफावी, मनीषा, निधि चरण, पायल लाल दास, रवीन सूरी, रूही कपूर, सलोनी चावला, शिरीन शंकर, स्मिता भरतिया और जीनिया मदन गुप्ता की अलग-अलग माध्यम से बनाए गए चित्रों को इस प्रदर्शनी में रखा गया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844